रौल नं०........................नाम..........................................................

XII-22 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2024-25 ई० A

# अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न-पत्र)

समय – 3.15 घण्टा कक्षा – 12 पूर्णांक – 100

नोट :– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या-1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या-11 से 18 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या-19 से 24 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में और प्रश्न संख्या-25 से 27 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।

(iii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निर्देश–निम्न प्रश्न-खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका पर लिखिए:-

1. उस भौतिक समस्या का नाम बताइये जिसके कारण अर्थशास्त्र अध्ययन की एक विषय सामग्री के रूप में उभरा है :- 1

(अ) निर्धनता (ब) बेरोजगारी (स) दुर्लभता (द) ये सभी।

2. एक वक्र, जिस पर सभी बिन्दु (संयोग) उपभोक्ता को समान सन्तुष्टि प्रदान करते हैं, उसे क्या कहते हैं :- 1

(अ) अनधिमान वक्र (ब) माँग वक्र (स) कीमल रेखा (द) उत्पादन रेखा।

3. उदासीन वक्र विश्लेषण किसने प्रतिपादित किया :- 1

(अ) मार्शल (ब) पीगू (स) हिक्स (द) रॉबिन्स।

4. पैसे के मामले में व्यक्त एक वस्तु कें मूल्य के रूप में जाना जाता है :- 1

(अ) मूल्य (ब) उपयोगिता (स) मान (द) धन।

5. निम्न में कौन स्थिर लागत को व्यक्त करता है :- 1

(अ) विद्युत बल (ब) कच्चे माल पर खर्च

(स) मजदूरी (द) स्थिर पूँजी पर ब्याज।

6. सीमान्त आगम के ऋणात्मक होने का मूल आगम पर क्या प्रभाव पड़ेगा :-1

(अ) बढ़ेगा (ब) घटेगा

(स) सामान्य रहेगा (द) इनमें से कोई नहीं।

7. निम्न में से समष्टि अर्थशास्त्र का विषय नहीं है :- 1

(अ) रोजगार (ब) विदेशी विनिमय

(स) माँग का नियम (द) राष्ट्रीय आय।

8. निजी आय तथा निजी क्षेत्र की आय के बीच किसका अन्तर है :- 1

(अ) कारक आय (ब) अंतरण आय

(स) अवितरित आय (द) निगम का।

(पृष्ठ पलटिए)

9. भारत में राष्ट्रीयकृत व्यापारिक बैंकों की कुल संख्या कितनी है :– 1

(अ) 28 (ब) 29

(स) 12 (द) 19

10. समय की दृष्टि से किस विद्वान का रोजगार सिद्धान्त अल्पकालीन विश्लेषण है :– 1

(अ) हैन्सन (ब) कीन्स

(स) गिलिन व गिलिन (द) डिलार्ड।

## (अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11. सेवा प्रदाता किसे कहते हैं? 3

12. स्थानापन्न वस्तुओं को उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिए। 3

13. सीमान्त लागत को ज्ञात करने का सूत्र लिखिए एवं संक्षेप में समझाइए। 3

14. किसी वस्तु की पूर्ति का अर्थ लिखिए। 3

15. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में उत्पादकों का क्या उद्देश्य होता है? 3

16. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किस संस्था द्वारा की जाती है? 3

17. 'मुद्रा' को परिभाषित कीजिए। 3

18. औसत उपभोग प्रवृति किसे कहते हैं? 3

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

19. उपभोक्ता के बजट सेट से आप क्या समझते हैं? 6

20. अल्पकाल तथा दीर्घकाल के संकल्पनाओं को समझाइए। 6

21. कीमत रेखा क्या है? 6

22. 1929 की महामन्दी का वर्णन कीजिए। 6

23. सकल राष्ट्रीय उत्पाद एवं शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद में अन्तर बताइए। 6

24. वस्तु विनिमय प्रणाली क्या है? इसकी क्या कमियाँ है? 6

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

25. अर्थव्यवस्था की केन्द्रीय समस्याओं की विवेचना कीजिए। 10

**अथवा**

माँग की कीमत लोच क्या होती है? माँग की कीमत लोच मापने की किसी एक विधि का वर्णन कीजिए।

26. अल्पकालीन पूर्ण प्रतियोगी बाजार में फर्म के संतुलन की विभिन्न दशाओं की व्याख्या कीजिए। 10

**अथवा**

समष्टि अर्थशास्त्र से क्या आशय है? इसकी प्रकृति संक्षेप में लिखिए।

27. भारत सरकार की आय एवं व्यय की प्रमुख मदों का वर्णन कीजिए। 10

**अथवा**

व्यावसायिक बैंकों के मुख्य कार्यों को संक्षेप में लिखिए।